# UP Board Important Questions Class 12 Chapter 7 जनसंपर्क और सामाजिक परिवर्तन (Bharat main Samajik Parivartan Evam Vikas)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
पहली आधुनिक मास - मीडिया की संस्था का प्रारम्भ किसके साथ हुआ?
उत्तर:
प्रिंटिंग प्रेस।

प्रश्न 2.
आधुनिक प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए पुस्तकें छापने का प्रयोग सर्वप्रथम कहाँ शुरू हुआ?
उत्तर:
यूरोप में।

प्रश्न 3.
प्रारम्भिक आधुनिक प्रिंटिंग प्रेस तकनीक सर्वप्रथम कौनसे सन् में विकसित हुई ?
उत्तर:
सन् 1440 में।

प्रश्न 4.
केसरी समाचारपत्र किस भाषा से सम्बन्धित था?
उत्तर:
मराठी भाषा से।

प्रश्न 5.
अमृत बाजार पत्रिका किस भाषा से सम्बन्धित थी?
उत्तर:
अंग्रेजी भाषा से।

प्रश्न 6.
ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने बंगला भाषा में कौनसा पत्र शुरू किया?
उत्तर:
शोम प्रकाश।

प्रश्न 7.
'दि टाइम्स ऑफ इण्डिया' का प्रकाशन कब और कहाँ शुरू हुआ?
उत्तर:
मुम्बई में, सन् 1861 में।

प्रश्न 8.
दि पायनियर समाचारपत्र कब और कहाँ शुरू हुआ?
उत्तर:
सन् 1865 में, इलाहाबाद में।

प्रश्न 9.
'दि मद्रास मेल' किस सन् में शुरू हुआ?
उत्तर:
सन् 1868 में।

प्रश्न 10.
रेडियो का प्रसारण भारत में कब शुरू हुआ?
उत्तर:
सन् 1920 में।

प्रश्न 11.
भारत में ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए टेलीविजन के कार्यक्रमों को प्रयोग के तौर पर किस सन् में चालू किया गया?
उत्तर:
सन् 1959 में।

प्रश्न 12.
दिल्ली, मुम्बई, श्रीनगर और अमृतसर में दूरदर्शन केन्द्र किस सन् में स्थापित हुए?
उत्तर:
सन् 1975 में।

प्रश्न 13.
भारत में मीडिया को सबसे भयंकर चुनौती का सामना कब करना पड़ा?
उत्तर:
सन् 1975 में।

प्रश्न 14.
प्रिंट मीडिया के अन्तर्गत क्या आते हैं ?
उत्तर:
प्रिंट मीडिया के अन्तर्गत समाचारपत्र तथा पत्रिकाएँ आती हैं।

प्रश्न 15.
इनाडु समाचारपत्र के संस्थापक कौन थे?
उत्तर:
रामोजी।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 16.
नेशनल रीडरशिप स्टडी 2006 के प्रकाशित आँकड़ों के अनुसार भारत में किस भाषी क्षेत्र में पाठकों की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि हुई है?
उत्तर:
हिन्दी भाषी क्षेत्र में।

प्रश्न 17.
आज समाचारपत्रों की लागत की भरपाई के लिए किस पर निर्भर रहना पड़ता है ?
उत्तर:
विज्ञापन एवं सब्सिडी पर।

प्रश्न 18.
1991 में भारत में कितने राज्य नियंत्रित टी.वी. चैनल थे?
उत्तर:
एक।

प्रश्न 19.
1991 के खाड़ी युद्ध ने किस टी.वी. चैनल को लोकप्रिय बनाया?
उत्तर:
सी.एन.एन.।

प्रश्न 20.
स्टार टी.वी. किस देश के समूह द्वारा प्रारम्भ किया गया था?
उत्तर:
अमेरिका के।

प्रश्न 21.
हिन्दी आधारित उपग्रह मनोरंजन चैनल कौनसा है ?
उत्तर:
जी. टी.वी.।

प्रश्न 22.
1980 के दशक में किसने दूरदर्शन की एकल चैनल कार्यक्रम व्यवस्था के अनेक विकल्प प्रस्तुत किये?
उत्तर:
वी.सी.आर. ने।

प्रश्न 23.
भारत में गैर-सरकारी उपग्रह चैनल का आगमन कब हुआ?
उत्तर:
सन् 1991 में।

प्रश्न 24.
जनसम्पर्क के साधनों को मास मीडिया क्यों कहा जाता है ?
उत्तर:
क्योंकि वे एक साथ बहुत बड़ी संख्या में दर्शकों, श्रोताओं एवं पाठकों तक पहुंचते हैं।

प्रश्न 25.
एफ.एम. रेडियो स्टेशनों की स्थापना कब हुई?
उत्तर:
सन् 2002 में।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
निम्नलिखित पुस्तकों के लेखकों के नाम लिखिये

1. राइटिंग ऑन इण्डियन हिस्ट्री कल्चर एण्ड आइडेंटिटी।
2. इंडियाज कम्युनिकेशन रिवोल्यूशन।

उत्तर:

1. अमर्त्य सेन
2. सिंघल अरविंद एण्ड ई.एम. रोजर्स।

प्रश्न 2.
जनसम्पर्क के साधनों के कोई चार उदाहरण लिखिये।
अथवा
जनसम्पर्क के साधन कौन-कौन से हैं?
उत्तर:
जनसम्पर्क के अनेक साधन हैं। इनमें प्रमुख हैं टेलीविजन, समाचार - पत्र, फिल्में, पत्रिकाएँ, रेडियो विज्ञापन, वीडियो खेल और सीडी।

प्रश्न 3.
जनसंचार माध्यम (मीडिया) लोकतंत्र के रक्षक की भाँति काम करता है, क्यों?
उत्तर:
जनसंचार माध्यम लोकतंत्र के रक्षक की भाँति काम करता है क्योंकि यह लोगों के हृदय में आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय विकास की भावना भरता है।

प्रश्न 4.
जनसंचार माध्यमों (मीडिया) के विभिन्न स्वरूपों में सम्मिलित हैं।
उत्तर:
जनसंचार माध्यमों (मीडिया) के विभिन्न स्वरूपों में सम्मिलित हैं-रेडियो, दूरदर्शन तथा मुद्रण माध्यम।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 5.
प्रथम आधुनिक मास मीडिया का प्रारम्भ कब हुआ?
उत्तर:
प्रथम आधुनिक मास मीडिया की संस्था का प्रारम्भ प्रिंटिंग प्रेस यानी मुद्रणालय के विकास के साथ हुआ था।

प्रश्न 6.
भारत में टी.वी. प्रसारण के तेजी से वाणिज्यीकरण का क्या कारण है ?
उत्तर:
भारत में टी.वी. प्रसारण के तेजी से वाणिज्यीकरण किये जाने के कारण हैं-प्रायोजकों के विज्ञापनों का सम्मिलित किया जाना तथा मनोरंजन कार्यक्रमों में वृद्धि होना।

प्रश्न 7.
सोप ओपेरा किसे कहते हैं?
उत्तर:
विभिन्न कथांशों (एपिसोड) पर आधारित टेलीविजन पर प्रसारित किया जाने वाला कार्यक्रम 'सोप ओपेरा' कहा जाता है। जैसे-हम लोग, बुनियाद आदि।

प्रश्न 8.
क्षेत्रीय भाषाओं के प्रसारण वाले उपग्रह चैनल के नाम बताइये।
उत्तर:
क्षेत्रीय भाषाओं के प्रसारण वाले उपग्रह चैनल के नाम हैं-सन टी.वी., ईनाडु टी.वी., उदय टी.वी., राज टी.वी. तथा एशिया नेट आदि।

प्रश्न 9.
'दैनिक भास्कर' समूह की संवृद्धि का क्या कारण है ?
उत्तर:
दैनिक भास्कर समूह की संवृद्धि का कारण है-उसकी विपणन सम्बन्धी रणनीतियाँ। इसके तहत वे उपभोक्ता सम्पर्क कार्यक्रम-घर-घर जाकर सर्वेक्षण और अनुसंधान जैसे कार्य करते हैं।

प्रश्न 10.
इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से मुकाबला करने के लिए अंग्रेजी भाषा के समाचारपत्रों ने क्या रणनीति अपनाई?
उत्तर:
इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से मुकाबला करने के लिए अंग्रेजी भाषा के समाचारपत्रों ने एक तरफ तो अपनी कीमतें घटाईं, दूसरी ओर एक साथ अनेक केन्द्रों से अलग - अलग संस्करण निकाले।

प्रश्न 11.
जन - सम्पर्क के साधन को मास मीडिया क्यों कहते हैं ?
उत्तर:
जन - सम्पर्क के साधन को मास मीडिया इसलिए कहा जाता है क्योंकि वे एक साथ बहुत बड़ी संख्या में दर्शकों, श्रोताओं एवं पाठकों तक पहुँचते हैं।

प्रश्न 12.
'हम की भावना' के सन्दर्भ में बेनेडिक्ट ऐंडरसन ने क्या कहा है ?
उत्तर:
बेनेडिक्ट ऐंडरसन ने कहा है कि इस भावना से राष्ट्रवाद का विकास हुआ और जो लोग एक-दूसरे के अस्तित्व के बारे में जानते नहीं थे, वे भी एक परिवार के जैसा महसूस करने लगे। इससे अपरिचित लोगों के बीच भी मैत्री भाव उत्पन्न हुआ।

प्रश्न 13.
भारतीय भाषाओं के समाचारपत्रों में आश्चर्यजनक वृद्धि के दो कारण बताइये।
उत्तर:
भारतीय भाषाओं के समाचारपत्रों में आश्चर्यजनक वृद्धि के दो कारण ये हैं

1. ऐसे साक्षर लोगों की वृद्धि हुई है जो शहरों में प्रवसन कर रहे हैं।
2. ये समाचारपत्र छोटे कस्बों तथा गाँवों की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

प्रश्न 14.
'हम लोग' में किस संयुक्त रणनीति का उपयोग किया गया था?
उत्तर:
'हम लोग' सबसे पहला पथ प्रदर्शक कार्यक्रम था। इसमें मनोरंजन संदेश के साथ शैक्षणिक अन्तर्वस्तु का समावेश करते हुए मनोरंजन शिक्षा की संयुक्त रणनीति का उपयोग किया गया था।

प्रश्न 15.
राष्ट्रीय प्रेस को कैसी सूचनाएँ देने का साहस करना चाहिए?
उत्तर:
राष्ट्रीय प्रेस को ऐसी सूचनाएँ देने का साहस करना चाहिए जिससे हमारे नीति-निर्माता, राजनीतिज्ञ, अकादमिक लोग और पत्रकारों की इनके बारे में धारणा ठीक हो सके।

प्रश्न 16.
मोबाइल फोन विविध प्रकार के सामाजिक समूहों की आवश्यकताओं को कैसे पूरा करते हैं ?
उत्तर:
मोबाइल फोन विविध प्रकार के सामाजिक समूहों की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। जैसे

1. सी.बी.एस.ई. बोर्ड या राजस्थान बोर्ड के परीक्षा परिणाम मोबाइल फोन पर उपलब्ध होते हैं ।
2. विभिन्न मित्रों, रिश्तेदारों से इनके द्वारा सम्पर्क किये जा सकते हैं।

प्रश्न 17.
पिछले तीन दशकों में मीडिया उद्योग में कौनसे रूपान्तरण हुए?
उत्तर:
पिछले तीन दशकों में मीडिया में निम्न रूपान्तरण हुए है

1. राष्ट्रीय बाजार का स्थान तरल भूमण्डलीय बाजार ने ले लिया है।
2. नवीन प्रौद्योगिकी ने मीडिया के विभिन्न रूपों को आपस में मिला दिया है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 18.
"जनसंचार माध्यम (मास मीडिया) हमारे दैनिक जीवन का एक अंग है।" उपयुक्त उदाहरणों सहित टिप्पणी कीजिये।
उत्तर:

1. जनसंचार माध्यम हमारे दैनिक जीवन का अपरिहार्य हिस्सा बन गया है। यह हमारे विचारों के निर्माण तथा सूचनाएँ प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
2. जनसंचार माध्यम राज्य तथा बाजार के बीच प्रभावशाली सम्पर्क-सूत्र है।।
3. यह लोकतंत्र का प्रहरी है। इससे जनता में आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय विकास की भावना का प्रसार होता है।

प्रश्न 19.
जनसंचार माध्यम (मास मीडिया) ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के अन्तर को दूर करने में किस प्रकार उत्तरदायी है? इसके क्या परिणाम हैं?
उत्तर:

1. जनसंचार माध्यमों द्वारा समाज में फैली अनेक सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सशक्त आवाज उठायी जा रही है।
2. इनके द्वारा अंधविश्वासों, जादू-टोनों के स्थान पर तर्कसंगत एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया गया है।
3. इसके द्वारा सामाजिक तथा आर्थिक क्षेत्र में अर्थपूर्ण एवं तर्कसंगत जागृति उत्पन्न की है।

प्रश्न 20.
पारराष्ट्रीय टेलीविजन कम्पनियों ने किस प्रकार अपने आपको भारतीय दर्शकों के अनुरूप ढाल लिया है?
उत्तर:
पारराष्ट्रीय टेलीविजन कम्पनियों ने अपने आपको भारतीय दर्शकों के अनुरूप ढाल लिया है। यथा

1. ज्यादातर चैनल सप्ताह में सातों दिन और चौबीस घंटे प्रसारण करते हैं ।
2. हिन्दी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में इनके द्वारा प्रसारण किया जा रहा है।
3. अनेक लोकप्रिय कार्यक्रम इन चैनलों के माध्यम से प्रसारित हो रहे हैं।

प्रश्न 21.
भारतीय राष्ट्रवाद का विकास उपनिवेशवाद के विरुद्ध उसके संघर्ष के साथ गहराई से जुड़ा है। कथन स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
भारत में राष्ट्रवाद उद्भव ब्रिटिश शासन द्वारा लाए गए संस्थागत परिवर्तनों के परिणामस्वरूप हुआ। औपनिवेशिक सरकार के उत्पीड़क उपायों का खुलकर विरोध करने वाली राष्ट्रवादी प्रेस ने उपनिवेश-विरोधी जनमत जागृत किया और फिर उसे सही दिशा दी।

प्रश्न 22.
भूमण्डलीकरण ने किस प्रकार भारतीय टेलीविजन को प्रभावित किया है ?
अथवा

भारतीय टेलीविजन पर भूमण्डलीकरण का प्रभाव किन रूपों में पड़ा है?
उत्तर:
भारतीय टेलीविजन पर भूमण्डलीकरण का प्रभाव

1. भारत में 1991 में केवल एक राज्य-नियंत्रित टीवी चैनल 'दूरदर्शन' था। 1998 तक इनकी संख्या बढ़कर 70 हो गई।
2. अनेक पारराष्ट्रीय टेलीविजन कम्पनियों के आने से भारतीय युवाओं तथा भारतीय संस्कृति पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा है क्योंकि अधिकांश टी.वी. कार्यक्रम पाश्चात्य कार्यक्रमों के प्रारूपों पर तैयार किये जा रहे हैं।
3. जी. टी.वी. तथा स्टार टी.वी. ने भारत में अपने-अपने कार्यक्रम देने शुरू कर दिये हैं।

प्रश्न 23.
छापेखाने के प्रारम्भ से 'राष्ट्र' का 'काल्पनिक समुदाय' के प्रत्यय के रूप में विकास हुआ? बेनेडिक्ट एंडर्सन के सुझावानुसार चर्चा कीजिए।
उत्तर:

1. एंडर्सन के सुझावानुसार, छापेखाने के प्रारम्भ से अखबारों का विस्तार हुआ। लोगों में निकटता बढ़ी और 'हम की भावना' का विकास हुआ।
2. 'हम की भावना' बढ़ने से अपरिचित लोगों में दोस्ताना सम्बन्ध कायम होने लगे। इस प्रकार 'राष्ट्र' नामक एक 'काल्पनिक समुदाय' का विकास हुआ।

प्रश्न 24.
राष्ट्रवादी आंदोलन को समर्थन देने वाले समाचार पत्रों का उदाहरण दीजिए।
उत्तर:
'केसरी' (मराठी), 'मातृभूमि' (मलयालम), 'अमृतबाजार पत्रिका' (अंग्रेजी) नामक कई राष्ट्रवादी समाचारपत्रों ने राष्ट्रवादी आंदोलनों का समर्थन किया जिसके कारण इनको औपनिवेशिक सरकार की अप्रसन्नता सहनी पड़ी।

प्रश्न 25.
स्वतंत्र भारत में मास मीडिया को लेकर जवाहरलाल नेहरू के क्या कथन थे?
उत्तर:
स्वतंत्र भारत में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने मीडिया से 'लोकतंत्र के पहरेदार' की भूमिका निभाने के लिए कहा। मीडिया से यह आशा की गई कि वह लोगों के हृदय में आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय विकास की भावना भरे।

प्रश्न 26.
इलेक्ट्रॉनिक अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं ?
उत्तर:
आज सेटेलाइट से स्वचालित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सहायता से ही सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था संचालित है। इसकी सहायता से आप घर बैठे-बैठे ही आवश्यक कार्यों के लिए धन के लेन-देन सम्बन्धी कार्य मिनटों में कर सकते हैं । आप ए.टी.एम. कार्ड से किसी भी समय और कहीं भी धन निकाल सकते हैं तथा डेबिट कार्ड से खरीददारी कर सकते हैं।

https://www.evidyarthi.in/